**Series AB2CD/4** **SET~1**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **66/4/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट / NOTE :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
Please check that this question paper contains **7** printed pages.

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **12** प्रश्न हैं ।
Please check that this question paper contains **12** questions.

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
**Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# व्यावसायिक अध्ययन

# BUSINESS STUDIES

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 40*

*Time allowed : 2 hours* *Maximum Marks : 40*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **12** प्रश्न हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न संख्या **1 – 4, 2** अंकों के हैं । यह लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं तथा इनका उत्तर 30 – 50 शब्दों में दीजिए ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **5 – 8, 3** अंकों के हैं । यह लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं तथा इनका उत्तर 50 – 80 शब्दों में दीजिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **9 – 12, 5** अंकों के हैं । यह दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं तथा इनका उत्तर 80 – 120 शब्दों में दीजिए ।*

*(v)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । लेकिन **3** अंकों के **1** प्रश्न में तथा **5** अंकों के **2** प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प दिए गए हैं ।*

*(vi)* *इस प्रश्न-पत्र में केस/स्रोत आधारित प्रश्न हैं ।*

**1.** विराट के पास सूरज बल्ब लिमिटेड के 2500 अंश है । उसे सूरज बल्ब लिमिटेड से उसके द्वारा धारित प्रत्येक दस अंशों के लिए दो अंश क्रय करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ ।

उपर्युक्त पंक्तियों में प्रतिबिंबित अस्थायी पूँजी (फ्लोटेशन) की नव निर्गमन विधि की पहचान कीजिए तथा समझाइए । *2*

**2.** चयन प्रक्रिया के उस चरण की पहचान कीजिए तथा उल्लेख कीजिए जो कि मानव संसाधन प्रबंधक को रोज़गार ढूँढ़ने वालों में से अयोग्य को उनके द्वारा आवेदन-पत्र में दी गई सूचना के आधार पर निकाल देने में सहायता करता है । चयन प्रक्रिया में सम्मिलित अगले दो चरणों की सूची भी बनाइए । *2*

**3.** 'सभी प्रकार के संगठनों में नियुक्तिकरण एक बहुत महत्त्वपूर्ण प्रबंधकीय कार्य समझा जाता है ।'

उपर्युक्त कथन के आलोक में, नियुक्तिकरण के किन्हीं दो लाभों का उल्लेख कीजिए । *2*

**4.** 'विचलन विश्लेषण' तथा 'सुधारात्मक कार्यवाही करना' प्रबंध के एक महत्त्वपूर्ण कार्य की प्रक्रिया के चरण हैं । कार्य की पहचान कीजिए तथा पहचाने गए कार्य की प्रक्रिया के प्रथम तीन चरणों की सूची बनाइए । *2*

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper contains **12** questions.*

*(ii)* *Questions Number **1 – 4** are of **2** marks. These are Short Answer Type Questions and are to be answered in 30 – 50 words.*

*(iii)* *Questions Number **5 – 8** are of **3** marks. These are Short Answer Type Questions and are to be answered in 50 – 80 words.*

*(iv)* *Questions Number **9 – 12** are of **5** marks. These are Long Answer Type Questions and are to be answered in 80 – 120 words.*

*(v)* *There is no overall choice in the question paper. However, internal choice has been given in **1** question of **3** marks and **2** questions of **5** marks.*

*(vi)* *This question paper contains Case / Source Based questions.*

**1.** Virat has 2500 shares of Suraj Bulb Ltd. He received an offer from Suraj Bulb Ltd. to purchase two shares for every ten shares held by him.

Identify and explain the method of floatation of new issue reflected in the above lines. *2*

**2.** Identify and state the step of selection process which helps the Human Resource Manager in eliminating unqualified job seekers on the basis of information supplied in the application form. Also, list the next two steps involved in the process of selection. *2*

**3.** 'Staffing is considered as a very important managerial function in all types of organisations.'

In the light of the above statement, state any two benefits of staffing. *2*

**4.** 'Analysing deviations' and 'taking corrective actions' are the steps in the process of one of the significant functions of management. Identify the function and list the first three steps of the process of the function identified. *2*

5. जी डी एफ एस लिमिटेड उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादक हैं । कोविड-19 के प्रकोप के पश्चात् उनके उत्पादों की माँग लगातार कम हो रही थी । माँग के कम होने पर भी, कम्पनी ने अपने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि किसी भी कर्मचारी की कार्य से छँटनी नहीं की जाएगी । प्रोत्साहन का नाम तथा कर्मचारियों को प्रस्तावित प्रोत्साहन के वर्ग का नाम दीजिए । इस वर्ग के किन्हीं दो अन्य प्रोत्साहनों को भी समझाइए । *3*

6. एक कम्पनी के पूँजी बजटिंग निर्णय को प्रभावित करने वाले किन्हीं तीन कारकों का उल्लेख कीजिए । *3*

7. (क) अभिप्रेरणा की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) प्रबंध के उस कार्य की पहचान कीजिए जिसका संबंध उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए निर्देश देने, मार्गदर्शन करने, परामर्श करने, अभिप्रेरित करने तथा संगठन में लोगों का नेतृत्व करने से है । पहचान किए गए प्रबंध कार्य की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख भी कीजिए । *3*

8. अभिषेक लिमिटेड एयर प्यूरिफायर का उत्पादन करने में लगी हुई है । लक्षित उत्पादन एक सप्ताह में 500 एयर प्यूरिफायर का है । पिछले कुछ महीनों से, उत्पादन प्रबंधक द्वारा यह देखा गया है कि साप्ताहिक उत्पादन लक्ष्य प्राप्त नहीं हो रहा था ।
कार्य की पहचान कीजिए तथा इसके महत्त्व के किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या कीजिए । *3*

9. एक शेयर बाज़ार के किन्हीं पाँच कार्यों का उल्लेख कीजिए । *5*

10. (क) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अन्तर्गत एक उपभोक्ता को उपलब्ध निम्नलिखित शिकायत निवारण तंत्रों की व्याख्या कीजिए : *5*

(i) जिला कमीशन

(ii) राष्ट्रीय कमीशन

**अथवा**

(ख) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अनुसार एक उपभोक्ता के निम्नलिखित अधिकारों को समझाइए : *5*

(i) उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार

(ii) सुरक्षा का अधिकार

**5.** GDFS Limited are the manufacturers of consumer goods. The demand for their products was continuously declining after the outbreak of COVID-19. In spite of fall in demand, the company assured its employees that no worker will be retrenched from the job. Name the category of incentive and the incentive offered to the employees. Also explain any two more incentives of the same category. *3*

**6.** State any three factors affecting the capital budgeting decision of a company. *3*

**7.** (a) State any three features of motivation. *3*

**OR**

(b) Identify the function of management which is concerned with instructing, guiding, counselling, motivating and leading people in the organisation to achieve its objectives. Also, state any two features of the identified function of management. *3*

**8.** Abhishek Limited is engaged in manufacturing of Air Purifiers. The target production is 500 Air Purifiers in a week. Over the last few months, it has been observed by the Production Manager that the weekly production target was not achieved.
Identify the function and explain any two points of its importance. *3*

**9.** State any five functions of a Stock Exchange. *5*

**10.** (a) Explain the following redressal mechanisms available to a consumer under The Consumer Protection Act, 2019 : *5*

(i) District Commission

(ii) National Commission

**OR**

(b) Explain the following rights of a consumer as per The Consumer Protection Act, 2019 : *5*

(i) Right to Consumer Education

(ii) Right to Safety

**11.** (क) 'तकनीकी उत्थान' तथा 'सहयोग का स्तर' कम्पनी की पूँजी आवश्यकता के प्रकारों में से किसी एक को प्रभावित करते हैं । उपर्युक्त कथन के संदर्भ में पूँजी आवश्यकता के प्रभावित प्रकार की पहचान कीजिए । साथ ही, पहचानी गई पूँजी आवश्यकता के प्रकार को प्रभावित करने वाले उपर्युक्त उल्लिखित कारकों के अतिरिक्त किन्हीं दो अन्य कारकों को भी समझाइए । *5*

**अथवा**

(ख) जब कम्पनी का 'निवेश पर प्रतिफल' 'ऋण पर ब्याज दर' से अधिक हो, तो कम्पनी 'प्रति अंश अर्जन' को बढ़ाने के लिए पूँजी संरचना में अधिक ऋण का उपयोग कर सकती है । एक उपयुक्त उदाहरण की सहायता से दी गई स्थिति को समझाइए । *5*

**12.** कोविड-19 महामारी के प्रकोप के बाद, यश पब्लिशिंग लिमिटेड डिजिटल होने की योजना बना रही है क्योंकि अध्यापक एवं विद्यार्थी अब ई-विषयों में अधिक रुचि रख रहे हैं । उच्च प्रबंधन के साथ उचित परामर्श के बाद, कम्पनी ने ई-पुस्तकों को प्रकाशित करने का निर्णय लिया । कार्य के लिए सही प्रतिभा को खोजने के लिए उन्होंने एक भर्ती एजेंसी को नियुक्त किया ।

कम्पनी ने विभिन्न प्रबंधकीय पदों पर योग्य कर्मिकों को भर्ती करने के लिए इन्दौर शहर के एक सुस्थापित विश्वविद्यालय से भी सम्पर्क किया । ई-विषयों के लेखक-पद के लिए कम्पनी shine.com एवं monster.com का उपयोग कर रही है ।

(क) उपर्युक्त में प्रकाशित प्रबंध के कार्य की पहचान कीजिए एवं समझाइए ।

(ख) उपर्युक्त से पंक्तियाँ उद्धृत करते हुए, अनुच्छेद में चर्चित भर्ती के बाह्य स्रोतों के प्रकारों को समझाइए ।

(ग) भर्ती के बाह्य स्रोतों के किन्हीं दो लाभों का उल्लेख कीजिए । *5*

**11.** (a) 'Technology upgradation' and 'Level of collaboration' affect one of the types of capital requirements of the company. Identify the type of capital requirement affected with reference to the above statement. Also, explain any other two factors, apart from the ones stated above affecting the type of capital requirement identified. *5*

**OR**

(b) When the 'Return on Investment' of the company is higher than 'Interest Rate on debt', it can use more debt in the capital structure of the company in order to increase its 'Earning Per Share'. Explain the given situation with the help of a suitable example. *5*

**12.** After the outbreak of pandemic COVID-19, Yash Publishing Limited is planning to go digital as the teachers and students are now more interested in E-content. After due consultation with the top management, the company decided to publish E-books. For the same, they hired a recruitment agency to tap the right talent for the job.

The company also approached a well-established university in the city of Indore to recruit qualified personnel for various managerial positions. For the post of E-content writer the company is using shine.com and monster.com.

(a) Identify and explain the function of management highlighted above.

(b) Quoting lines from the above, explain the types of external sources of recruitment discussed in the para.

(c) State any two advantages of external sources of recruitment. *5*